पर्सनल सेफ्टी को लेकर पेरेंट्स ने ली वर्कशॉप

प्रांगण की पहल में हुआ इस कार्यशाला का आयोजन।

सिटी रिपोर्टर | भोपाल

द संस्कार वैली स्कूल में स्टूडेंट्स, पेरेंट्स और टीचर्स की भागीदारी से एक ऐसा ईको-सिस्टम तैयार किया गया, जिसमें आउटपुट स्टूडेंट्स के हित में आए। इसके तहत प्रांगण ने एक अनूठी पहल की जिसमें पेरेंट्स द्वारा स्टूडेंट्स से सामयिक विषयों पर चर्चा की जाती है। ग्रेड-3 के स्टूडेंट्स ने पुलिस अधिकारी सुधीर अरजरिया के साथ इंटरेक्ट किया। सोशल वर्कर कृतिका ने भी इंटरेक्शन में भाग लिया। इस मौके पर स्कूल, घर और सार्वजनिक स्थलों पर सुरक्षा उपायों को लेकर जागरूक करने संबंधी वर्कशॉप ली गई। इसके अलावा गुड टच और बैड टच को लेकर समझाया गया, ताकि वे किसी भी तरह के एब्यूज से खुद को सुरक्षित रख सकें। स्टूडेंट्स को चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और पुलिस नंबर डायल 100 का इस्तेमाल किसी भी संकट की स्थिति में करने को कहा गया। इस मौके पर बताया गया कि सावधानी और सतर्कता किसी भी खतरे का पूर्वानुमान लगाकर सुरक्षा और आत्मविश्वास के साथ सिचुएशन को डील करने में काम आती है।